# निष्पक्ष लेबर हायर (श्रमिक नियुक्ति)। हम इस तरह काम करते हैं।

### यदि आप किसी व्यापार को कर्मचारियों की आपूर्ति करते हैं

हो सकता है कि आप कानून के अधीन एक लेबर हायर प्रदाता हों और आपको संचालन करने के लिए लाइसेंस की ज़रूरत हो।

### यदि कोई व्यापार आपकी कम्पनी को कर्मचारियों की आपूर्ति करता है

आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप लाइसेंस-प्राप्त लेबर हायर प्रदाताओं का प्रयोग करें।

### लेबर हायर कर्मचारी

इनके लिए यह ज़रूरी है कि वे केवल लाइसेंस-प्राप्त लेबर हायर प्रदाताओं के साथ साइन अप करें।

LABOUR HIRE AUTHORITY

VICTORIA State Government

# विक्टोरिया की लेबर हायर लाइसेंसिंग योजना

## लाइसेंसिंग स्कीम की ज़रूरत क्यों होती है?

विक्टोरियाई संसद ने लेबर हायर और असुरक्षित काम से सम्बन्धित विक्टोरियाई जांच-पड़ताल से जुड़े सुझावों के बाद 20 जून 2018 को लेबर हायर लाइसेंसिंग अधिनियम 2018 को पारित किया, इस जांच-पड़ताल में लेबर हायर के क्षेत्र में कर्मचारियों के शोषण किए जाने के महत्वपूर्ण प्रमाण सामने आए, विशेषकर बागवानी, मीट, और क्लीनिंग उद्योगों में।

लेबर हायर लाइसेंसिंग स्कीम की शुरूआत लेबर हायर कर्मचारियों की सुरक्षा करने और विकासशील लेबर हायर क्षेत्र में स्पष्टता और सत्यनिष्ठा में सुधार करने के लिए की गई थी।

## लेबर हायर लाइसेंसिंग स्कीम का प्रबंध कौन करता है?

अधिनियम ने एक ऐसी स्कीम तैयार और प्रदान करने के लिए लेबर हायर एथॉरिटी (एथॉरिटी) को स्थापित किया था जो कार्यक्षेत्र कानून का अनुपालन करने सहित उल्लिखित मानदण्ड को पूरा करने वाले लेबर हायर प्रदाताओं को लाइसेंस देगी। एथॉरिटी पूरे राज्य में अनुपालन, प्रवर्तन और शैक्षिक गतिविधियाँ भी प्रदान करेगी।

## लेबर हायर प्रदाताओं के लिए इसका क्या अर्थ है

- 30 अक्तूबर 2019 से, केवल वे लेबर हायर प्रदाता ही विक्टोरिया में संचालन करना जारी रख सकते हैं जिनके पास लाइसेंस है या जिन्होंने 30 अक्तूबर से पहले लाइसेंस के लिए आवेदन किया है और उनके आवेदन को नामंज़ूर नहीं किया गया है।
- जो प्रदाता 30 अक्तूबर 2019 से पहले अपना आवेदन जमा कराते हैं, वे तब तक संचालन करना जारी रख सकते हैं जब तक कि उनके लाइसेंस आवेदन पर कोई फैसला नहीं लिया जाता है।
- आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप आवेदन शुल्क और सालाना लाइसेंस शुल्क का भुगतान करें।
- प्राधिक्रण इस बात से संतुष्ट होना चाहिए कि आवेदन से सम्बन्धित प्रत्येक प्रासंगिक व्यक्ति एक योग्य और उचित व्यक्ति है और वे रोज़गार, कार्यक्षेत्र और सुरक्षा कानूनों से सम्बन्धित अधिनियम, विनियमों और कानूनी दायित्वों का अनुपालन करते हैं।

## मेज़बानों (होस्ट) के लिए इसका क्या अर्थ है

- 30 अक्तूबर 2019 से, मेज़बान (होस्ट) व्यापारों के लिए यह ज़रूरी है कि वे लाइसेंसशुदा लेबर हायर प्रदाताओं या किन्हीं ऐसे प्रदाताओं का प्रयोग करें जिन्होंने 30 अक्तूबर 2019 से पहले लाइसेंस के लिए आवेदन किया है।
- यदि आप किसी ऐसे प्रदाता का प्रयोग करते हैं, जिसने 30 अक्तूबर 2019 से पहले आवेदन किया है, तो यह ज़रूरी है कि उनके आवेदन को नामंज़ूर न किया गया हो।
- जिन लेबर हायर प्रदाताओं को लाइसेंस दिया गया है और जिन्होंने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, उनकी सूधियाँ एथॉरिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
- मेज़बानों (होस्ट) के लिए यह ज़रूरी है कि वे लाइसेंसशुदा प्रदाता का प्रयोग करते समय राज्य और फेडरल (केन्द्रीय) सरकारों के कार्यक्षेत्र कानूनों का अनुपालन करें।

## कर्मचारियों के लिए इसका क्या अर्थ है

- 30 अक्तूबर 2019 से, लेबर हायर कर्मचारियों के लिए यह ज़रूरी है कि वे किसी लाइसेंसशुदा लेबर हायर प्रदाता के साथ ही साइन अप करें।
- जिन लेबर हायर प्रदाताओं को लाइसेंस दिया गया है और जिन्होंने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, उनकी सूधियाँ एथॉरिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### समस्या की सूचना दें

यदि निम्नलिखित से सम्बन्धित आपकी चिंताएँ हैं या आपको इनके बारे में सूचना चाहिए तो 1300 545 200 पर फोन करें या एथॉरिटी की वेबसाइट देखें:

- कर्मचारियों के साथ बुरा व्यवहार
- लेबर हायर प्रदाता जिनके पास लाइसेंस न हो
- ऐसे मेज़बान (होस्ट) जो उन लेबर हायर प्रदाताओं का प्रयोग करते हैं जिनके पास लाइसेंस न हो

**और अधिक जानकारी के लिए**

और अधिक जानकारी के लिए या एथॉरिटी के न्यूज़लैटर को सबस्क्राइब करने के लिए **labourhireauthority.vic.gov.au** पर जाएँ।
यदि जिस जानकारी की आपको खोज है, वह आपको वेबसाइट पर नहीं मिल रही है, तो **enquiries@labourhireauthority.vic.gov.au** पर संपर्क करें या **1300 545 200** पर फोन करें।

Authorised लेबर हायर एथॉरिटी, Bendigo VIC 3550 द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित।
अनुवाद एवं दुभाषिया सहायता के लिए 131 450 पर फोन करें और अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें।
यदि आप बहरे हैं, या आप सुनने या बोलने के विकार से ग्रस्त हैं, तो आप नेशनल रिले सेवा के माध्यम से हमें संपर्क कर सकते हैं। कृपया www.relayservice.gov.au पर जाएँ।

VICTORIA State Government

DJPR12692_11.19